# झारखण्ड सरकार
## सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
### (पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)

Phone: 0651-2401917 E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

पत्रांक :— 145 रॉंची, दिनांक : 05.06.2025

## —: आवश्यक सूचना :—

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा संगीत संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2024 एवं 2025 तथा उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार 2024 एवं 2025 हेतु मनोनयन (Nomination) के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त आलोक में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य से मनोनयन (Nomination) के लिए अनुशंसा प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है।

2. अतः एतद् द्वारा उपरोक्त निमित्त, झारखण्ड राज्य के इच्छुक एवं योग्य कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इस हेतु इच्छुक कलाकार संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के वेबसाईट https://www.sangeetnatak.gov.in के Awards & Honours भाग से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए, अपना आवेदन (विस्तृत आवेदन, जीवन वृत्त, जन्म तिथि एवं अनुभव (in Tabular form) से संबंधित स्वअभिप्रमाणित अभिलेख प्रतियों के साथ) बंद लिफाफे में निदेशालय कार्यालय (आगत निर्गत शाखा, कमरा सं० 309 (ए०), तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, रॉंची–4) में निबंधित डाक / कुरियर / हाथों–हाथ / अथवा निदेशालय ई–मेल dirjharkhandculture@gmail.com के द्वारा दिनांक 23.06.2025 को अप० 5.00 बजे तक समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि / समय से विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निदेशक, संस्कृति,
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय,
झारखण्ड, रॉंची

PR 354358 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26)#D